**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# प्रवासियों के खातों में पांच पांच लाख डाले राज्य सरकार

## कंडारी समिति ने सरकार को सुझाये 17 बिन्दुओं के सुझाव

**हमला**

कोरोना के बढ़ते मामलों पर सरकार की कोई तैयारी नहीं

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में कोरोना वायरस कोविड 18 के बढ़ते मामलों पर सरकार ने इससे निपटने के लिए कोई तैयारी नही की है जिसका परिणाम है कि आज भी लगातार मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रवासियों के खाते में सरकार को पांच पांच लाख रूपये डालने चाहिए जिससे वह अपना स्वरोजगार आरंभ कर सके। वहीं कंडारी समिति ने सरकार को 17 बिन्दुओं के सुझाव दिये है और उन पर अमल करने की मांग की गई है।

कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह की देश व प्रदेश मे लगातार कोरोना वायरस



कोविउ 19 महामारी बढ़ रही है। पूर्व में कोरोना संक्रमण के कारण किये गए लॉकडाउन में लोगों के मध्य अफरा–तफरी का माहौल था जिसके पश्चात सरकार द्वारा लोगो को अपने–अपने घर भेजने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने कहा कि जिस पर कांग्रेस द्वारा भी लोगों से संवाद स्थापित कर एक एप्प के माध्यम से फंसे हुए लोगों का ब्योरा जुटाकर सरकार को देने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि तमाम राजनैतिक दलों व स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने का कार्य किया गया।

उन्होंने कहा कि पहले रोजगार न होने के कारण लोगों द्वारा पलायन किया गया लेकिन कोरोना महामारी के बाद रिवर्स पलायन हुआ है,इस रिवर्स पलायन के बाद लोगों के रोजगार को लेकर कांग्रेस द्वारा एक दस्तावेज तैयार कर सरकार तक पहुंचाने हेतु कुछ सुझाव तैयार किये गये है। उन्होंने कहा कि 17 बिंदुओं के इस दस्तावेज को हमारे द्वारा सरकार को भेजा गया है। हम युवाओं व महिलाओं को किस तरह से रोजगार से जोड़ सकते है यह भी हमने सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि आज किसान दोहरी मार झेल रहा है, एक ओर किसान कोरोना से जूझ रहा है वंही सरकार द्वारा अभी तक किसानों का ऋण माफ नही किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र ही किसानों का ऋण माफ करे। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्तिथियों में सरकार का दायित्व बनता है कि सरकार लोगों को ऋण नही बल्कि 5 लाख रुपये अनुदान के रूप में मुहैया कराये।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता मातबर सिंह कंडारी ने कहा कि हम उत्तराखंड की सोई हुई सरकार को जगाने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की बात करते है लेकिन इस योजना का आधार क्या है व फायदे क्या है यह किसी को मालूम नही है। उन्होंने कहा कि हम हिमांचल प्रदेश की भांति कृषि,बागवानी को आय का साधन बना सकते है वंही यंहा के जड़ी–बूटियों के पानी को भी रोजगार के रूप में जोड़ सकते है। वर्तमान सरकार का कोई विजन नही है और ना ही ये कोई चिंतन कर रहे है।

## न्यूज डायरी

### दीपक पाण्डे ने आर्थिक सहायता देने पर केजरीवाल सरकार का जताया आभार

**संवाददाता** लालकुआ। दिल्ली में मिंटो ब्रिज जलभराव में उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी कुंदन के देहांत के उपरांत दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा व उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया एवं प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर के साथ आए दिवंगत के परिजन को 10 लाख रुपय का चेक देकर आर्थिक सहयता राशि दी। प्रदेश कोषाध्यक्ष व लालकुआ विधानसभा प्रभारी दीपक पांडेय ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिवंगत के प्रति संवेदना व्यक्त करती है और कहा इस विपरीत परिस्थितियों में आम आदमी पार्टी उनके परिवार के साथ खड़ी है। दीपक पांडेय ने कहा कि उत्तराखंड से भाजपा के राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने कहा था कि, उनके द्वारा मिंटो रोड हादसे के शिकार को 10 लाख रुपये का चेक दिया था।

### भाजपा महिला मोर्चा ने महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजी राखी

हरिद्वार। भाजपा महिला मोर्चा एवं स्पर्श गंगा अभियान के संयुक्त तत्वावधान में वेद मंदिर आश्रम में स्वदेशी राखी राष्ट्र के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत माँ गंगा के पवित्र जल से स्पर्श की हुई राखी सर्वप्रथम भारत माता को समर्पित करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम, राष्ट्रपति महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोबिन्द जी, केंद्रीय मंत्री एवं सांसद हरिद्वार डॉक्टर रमेश पोखरियाल निशंक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नढ्ढा, मुख्यमंत्री उत्तराखंड त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत के नाम भेजी गई। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीता चमोली ने कहा कि बहनें पिछले एक महीने से इन इको फ्रेंडली राखियो को बनाने में जी जान से जुटी हैं।

### साइकिल प्योर अगरबत्ती के निर्माता एवं असम सरकार बांस विकास परियोजना में सहयोगी बने

**संवाददाता** देहरादून । एन रंगा राव एंड संस (एनआरआरएस), भारत की सबसे बड़ी अगरबत्ती उत्पादक और साइकिल प्योर अगरबत्ती के निर्माताओं ने असम सरकार के साथ मिलकर अगरबत्ती निर्माण के लिए बांस उत्पादन के लिए एक समर्पित परियोजना स्थापित करने की घोषणा की। एनआरआरएस इस एसोसिएशन के माध्यम से, बांस की छड़ें बनाने के लिए परिचालन सहायता और तकनीकी जानकारी का विस्तार करेगा। यह पहल आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगी और उत्तर पूर्व क्षेत्र में बाँस की लकड़ियों के उत्पादन के लिए मूल्य श्रृंखला को बढ़ाएगी जो अटमा निर्भार भारत पहल के अनुरूप है।

# प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ रहाः प्रीतम सिंह

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश की जनता का अब राज्य में बीजेपी सरकार से मोह भंग हो चुका है , जनता बीजेपी सरकार की चौतरफा असफलताओं के कारण अब इस सरकार से पिंड छुड़ाना चाहती है और इसीलिए बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं यह बात आज कांग्रेस मुख्यालय में पुरोला विधानसभा के अंतर्गत आने वाली एक दर्जन ग्रामसभाओं के ग्राम प्रधानों द्वारा कांग्रेस में सम्मलित हो पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तराखंड प्रदेश कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कही।

उन्होंने पार्टी में शामिल हुए ग्राम पंचायतों के प्रधानों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस का 135 वर्षो का स्मार्द्धशाली इतिहास है और ये उनके लिए गर्व की बात है कि वे आज इस ऐतिहासिक पार्टी के सदस्य बने है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता अब भली भांति समझ गयी है कि। उत्तराखंड का विकास केवल कांग्रेस के राज में ही संभव है इसलिए 2022 में जनता कांग्रेस को सत्तारूढ़ करने के लिए आतुर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने सभी नव आगंतुक ग्राम प्रधानों का पार्टी में स्वागत करते हुए अपेक्षा की कि सभी पूरी ताकत से प्रीतम सिंह के नेतृत्व में उत्तराखंड में जन सरोकारों के लिए समघर्ष कर कांग्रेस की प्रदेश में सत्ता में वापसी करवाएंगे।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव अतोल सिंह रावत यमुना घाटी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।



## इम्यूनिटी बूस्टर दवा आर्सेनिक एल्ब ३० का किया नि:शुल्क वितरण

**संवाददाता** देहरादून। होम्योपैथिक इम्यूनिटी बूस्टर दवा आर्सेनिक एल्ब 30 के निः शुल्क वितरण पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में किया गया और इस अवसर पर बताया गया कि पिछले लॉकडॉउन के समय से अपनी निशुल्क सेवाएं दे रहे डॉ दम्पत्ति डॉ शैलेन्द्र कौशिक एवं डॉ प्रिया कौशिक ने सेवा क्रम को जारी रख हुए है। इस अवसर पर डा. शैलेन्द्र कौशिक ने बताया कि निशुल्क होमियोपैथिक इम्यूनिटी बूस्टर दवा आर्सेनिक एल्ब का वितरण कोरोना योद्धाओं विभिन्न सामाजिक संगठनों, पत्रकारों, पुलिस कर्मियों आदि को कर रहा है और इसी कड़ी में बढ़ते हुए निशुल्क होम्योपथिक इम्यूनिटी बूस्टर दवा आर्सेनिक एल्ब 30 की 101 किट का वितरण भगवान पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में पधारे श्रद्धालुओं को विधायक खजान दास की गरिमामई उपस्थिति में किया गया।

# पिथौरागढ़ में जारी है आसमानी आफत, जगह जगह हुई भीषण तबाही

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ से लगे सीमांत तहसीलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार आपदा का भीषण कहर जारी है। जानकारी के मुताबिक सीमांत तहसील धारचूला के मेतली चामी लुम्टी मोरी आदि क्षेत्रों में भीषण आपदा का कहर टूटा है। वही बरम के पास मेतली गांव में राधा देवी पत्नी श्याम सिंह भूस्खलन की चपेट में आ गई और उनका मकान भी ध्वस्त हो गया। मलबे में इनके परिवार के कुछ मवेशी भी दब गये। मौके पर राधा देवी का शव बरामद हो गया। क्षेत्र में जगह जगह भारी नुकसान होने के समाचार मिले है। बरम से दो किमी दूर

सीमांत तहसीलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार आपदा का भीषण कहर जारी

चामी ग्रम पंचायत में मौसम ने खूब तांडव मचाया है। जिला प्रशासन से मिली सूचना के मुताबिक यहां काफी लोगों के फंसे होने के सूचना है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। दूसरी ओर चामी से आगे लुम्ती में दो साल पहले बना बीस से पचीस मीटर पुल भी पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। इस पुल को गोसी गाड में बीआरओ द्वारा तैयार किया गया था। यह पुल जौलजीवी से मदकोट और मुनस्यारी मार्ग को जोड़ता है। बता दें कि पुल के टूटने से लगभग एक सौ से ज्यादा गांवों का जिले से संपर्क टूट गया है। वही खुमती कालिका मार्ग पर पड़ने वाले खुमती नाले ने भी रौद्र रूप ले लिया है। जानकारी के मुताबिक सड़क किनारे खड़े किये गये एक जीप व दो पहिया वाहन बह गये। एक ढाबा भी बह गया। दो मकानों को खासा नुकसान भी पहुंचा है। गलाती गाड के पास पूर्व प्रधान मदन सिह बिष्ट का रेंस्टोरेट भी ध्वस्त होकर नदी में बह गया है। गलाती पुल के पास मकान व दुकान को नुकसान होने के समाचार मिले है। जारा जिबली में भी भूस्खलन के कारण नुकसान होने की सूचना मिली है।

वही प्रशासन को राहत बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मोरी गांव के तल्ला मोरी गांव व



बलुवाकोट के थोडा तोक में भी नुकसान होने के समाचार मिले है। धारचूला के विधायक हरीश धामी ने क्षेत्र में पहुंचकर आपदा प्रभावितों का हाल चाल जाना। गधेरे व नाले के तेज बहाव के बीच बीमार युवक को ले जाते हुए कुछ लागो को परेशानी भी झेलनी पड़ी है। जगह जगह सडक के बंद होने से आवागमन पूरी तरह चौपट हो चुका है।

जिलाधिकारी डा.विजय कुमार जोगदडे ने पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की सूचना दी है। धारचमला के विधायक हरीश धामी ने प्रशासन को क्षेत्र में राहत बचाव के कार्य के लिए समय में दलो को भेजने की मांग फोन पर सूचना भेजकर की है। सीमांत में इस बार आपदा का जमकर कहर बरपने से क्षेत्र में जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो चुका है।